नवभारत टाइम्स

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 17 दिसंबर 2021

नर्सरीः स्कूलों में भी आ रहे पैरंट्स

■ .स, नई दिल्लीः नर्सरी एमडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है, वहीं पैरंट्स स्कूलों में भी जानकारी के लिए पहुंच रहे हैं। स्कूलों ने एडमिशन क्राइटेरिया वेबसाइट पर जारी कर दिया है। रोहिणी के वीएसपीके इंटरनैशनल स्कूल ने केवल दो पॉइंट रखे हैं। डिस्टेंस के 80 और सिबलिंग कैटिगरी के 20 पॉइंट है। स्कूल की मैनेजर प्रमिला गुप्ता का कहना है कि 0-1 किमी के 80, 1-3 किमी के लिए 60, 3-6 किमी के लिए 40 और 6 से ज्यादा किमी के 20 पॉइंट है। एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक का कहना है कि पैरंट्स की कुछ क्वेरी है, जिनके लिए वे स्कूल आ रहे है। स्कूलों की ओर से फोन के जरिए भी पैरंट्स को जरूरी जानकारी दी जा रही है। अशोक विहार के कुलाची हंसराज मॉडल स्कूल ने भी डिस्टेंस को प्राथमिकता दी है।